[09] No. of printed pages: 2

**SARDAR PATEL UNIVERSITY**
**SY BA (External) Examination**
**Saturday, 15 March 2014**
**2.30 pm - 5.30 pm**
**Hindi Paper - IV**
**हिन्दी कथा साहित्य**

**Total Marks: 100**

नोंट : हिन्दी में शिरोरेखा लगाना अपेक्षित है ।

प्र.१ **किन्हीं तीन** की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए । (१८)

(क) ''हजारों साल की इस गहरी नींद से अब तो उठो । हिन्दुस्तान की महाजाति के अब जागने का समय है दोस्त, भूत-प्रेत हनुमान-पीर फकीर आदि सब बातें छोड़ दो । इन्होंने हमें धोखा दिया है । अब हमें सबसे मुक्त होना है ।''

**अथवा**

(क) ''कल सारी रात मुझे बड़ी ग्लानि होती रही । किसी की मान्यता सही हो या गलत, हम उस पर हिंसा करके उसे जबर्दस्ती नहीं बदल सकते । मुझे खुद मालूम नहीं था कि मेरे अंदर इतनी हिंसा छुपी है । मैं तो खुद अपने से हार गया, दूसरों को मैं क्या बदल सकूँगा ।''

(ख) ''बुरा रिवाज़ है, बेहद बुरा ? मेरा बस चले तो दहेज लेनेवालों और देनेवालों दोनों को ही गोली मार दूँ ।''

**अथवा**

(ख) ''जब से ब्रह्मा ने सृष्टि रची, तब से आज तक कभी बारातियों को कोई प्रसन्न नहीं रख सका । उन्हें दोष निकालने और निन्दा करने का कोई-न-कोई अवसर मिल ही जाता है ।''

(ग) ''लेकिन जब तुम इतनी पी नहीं सकते तो अवसर आने पर घूस कैसे लोगे, जालसाजी कैसे करोगे, झूठ कैसे बोलोगे ? फिर देश की सेवा क्या करोगे, खाक ? ''

**अथवा**

(ग) ''फिर उन्होंने सूखी साड़ी को उतारा । नीचे जाकर अच्छी तरह उसकी तह की, धीरे-धीरे हाथों में से चूडियाँ खोलीं, थाली में सजाया हुआ सामान उठाया और सारी चीजें बड़े जतन से अपने एकमात्र सन्दूक में रख दीं । और फिर बड़े ही बुझे हुए दिल से अंगीठी जलाने लगीं ।''

प्र.२ 'कलिकथा वाया बाईपास' उपन्यास में प्रस्तुत समस्याओं पर प्रकाश डालिए । (१६)

**अथवा**

प्र.२ उपन्यास के तत्त्वों के आधार पर 'कलिकथा वाया बाइपास' उपन्यास की समीक्षा कीजिए ।

प्र.३ ''निर्मला' दहेज और अनमेल विवाह की करूण कहानी है'' - इस कथन पर अपने विचार प्रकट कीजिए । (१६)

**अथवा**

प्र.३ 'निर्मला' उपन्यास के आधार पर मुंशी तोताराम की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

प्र.४ 'नशा' कहानी की कथावस्तु की विशेषताएँ लिखिए । (१६)

**अथवा**

प्र.४ कहानी कला के तत्त्वों के आधार पर 'परदा' कहानी की समीक्षा कीजिए ।

प्र.५ टिप्पणी लिखिए । (१६)

(क) उपन्यासकार - भगवतीचरण वर्मा ।

**अथवा**

(क) कहानीकार - यशपाल ।

(ख) उपन्यासकार - जयशंकर प्रसाद ।

**अथवा**

(क) कहानीकार - अमृतलाल नागर ।

प्र.६ निम्नलिखित में से **किन्हीं १८** प्रश्नों के अतिसंक्षिप्त उत्तर दीजिए । (१८)

(१) प्रेमचंद के चार उपन्यासों के नाम लिखिए ।
(२) अलका सरावगी का जन्म कब और कहाँ हुआ था ?
(३) 'कलिकथा वाया बाइपास' उपन्यास में किन जगहों की कथा है ।
(४) किशोरबाबू के कितने मित्र हैं ?
(५) किशोरबाबू के आत्मालाप का शीर्षक क्या है ?
(६) बाबरी मस्जिद ध्वस्त में कौन मारा जाता है ?
(७) बाबू उदयभानु लाल की पत्नी का नाम बताइये ।
(८) निर्मला की सहेली का नाम बताइये ।
(९) भालचन्द्र सिन्हा की बात सुनकर पत्नी रंगीलीबाई क्या कहती है ?
(१०) रुकमणी देवी का स्वभाव कैसा था ?
(११) तोताराम के बेटों के नाम लिखिए ।
(१२) प्रेमचंद की पांच कहानियों के नाम लिखिए ।
(१३) लेखक को किस बात का 'नशा' चढ़ा था ।
(१४) 'एक गौ' कहानी में गाय के मालिक का नाम क्या है ?
(१५) चौधरी पीरबख्श ने किससे और कितना कर्ज लिया था ?
(१६) 'समाधि भाई रामसिंह' कहानी के लेखक कौन है ?
(१७) 'पिता' कहानी के लेखक का नाम लिखिए ।
(१८) लेखक को सपने में क्या दिखाई देता है ?
(१९) जैनेन्द्रकुमार के उपन्यासों के नाम लिखिए ।
(२०) कमलेश्वर का पूरा नाम लिखिए ।
(२१) 'कलिकथा वाया बाइपास' में कितने प्रकम हैं ।

* * * * *